{भारत के राजपत्र, भाग I, खण्ड (II), में प्रकाशनार्थ}
सं. आई–14011/24/2017–आईपीएस–1(II)

भारत सरकार
गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 01 NOV 2017 अक्टूबर, 2017

अधिसूचना

संघ लोक सेवा आयोग के निर्णय के फलस्वरुप दिनांक 04.07.2017 को चयन समिति की सम्पन्न हुई बैठक को दिनांक 19.07.2017 को संघ लोक सेवा आयोग ने चयन सूची 2015 जो कर्नाटक पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा में नियुक्ति के लिए अनुमोदित है जिसमें बिना शर्त श्री देवाराजु के0 जी0 (जन्म तिथि: 19.05.1963) के नाम को शामिल किए जाने के लिए संघ लोक सेवा आयोग के पत्र सख्या 7/8/2017–एआईएस दिनांक 26.10.2017 के अनुसार राष्ट्रपति, भारतीय पुलिस सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1955 के विनियम 9 के उप–विनियम (1) के साथ पठित भारतीय पुलिस सेवा (भर्ती) विनियम, 1954 के विनियम 9 के उप–विनियम (2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्नाटक पुलिस सेवा के श्री देवाराजु के0 जी0 (जन्म तिथि: 19.05.1963) सदस्य को भारतीय पुलिस सेवा में परिवीक्षा पर नियुक्त करते हैं तथा उन्हें भारतीय पुलिस सेवा (संवर्ग) विनियम, 1954 के विनियम 5 के उप–विनियम (2) के अन्तर्गत कर्नाटक संवर्ग प्रदान करते हैं।

2. उपयुर्क्त नियुक्ति माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दायर एसएलपी (सी0) संख्या 29245/2016 श्री गोपालकृष्णन एन0 एवं अन्य और उससे संबंधित अन्य एसलीपीयॉ जो बेगलुरु उच्च न्यायालय में दायर रिट पीटिशन संख्या 27674/2012 श्री खलील अहमद के0 आर0 एंव अन्य के आदेश दिनांक 21.06.2016 तथा ओए0 संख्या 355–359/2016 श्री रेणुका के0 सुकुमार व ओए0 संख्या 362–364/2016 श्री कुमारस्वामी एवं अन्य और ओए0 संख्या 365–377/2016 डा0 शिवाकुमार एव अन्य द्वारा दायर माननीय केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण बेंगलुरु में दायर याचिकाओं के परिणाम के अध्यधीन होगी ।

3. उपरोक्त अधिकारी भारतीय पुलिस सेवा (परिवीक्षा) विनियम, 1954, के तहत एक वर्ष के लिये परिवीक्षा पर रहेंगे और भारतीय पुलिस सेवा (परिवीक्षा) विनियम, 1954 के नियम 5 (4) में संशोधन दिनांक 10.05.2011 के तहत अधिकारियों को इंडक्शन प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा ।

4. यह नियुक्ति अधिसूचना के जारी होने की तिथि से प्रभावी होगी।

अजय

( अजय कुमार सिंह )
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाषः 2309 4517

**सेवा में,**

**प्रबंधक,**
**भारत सरकार मुद्रणालय,**
**फरीदाबाद, हरियाणा ।**

**सं. आई–14011/24/2017–आईपीएस–1(II) नईदिल्ली,** **दिनांक** 01 NOV 2017 **अक्टूबर, 2017**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को प्रेषितः**

1. **मुख्य सचिव, कर्नाटक सरकार, बैंगलुरु {ध्यानार्थः श्री एस0 आर0 वासवरज्जैया, अवर सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक रिफोर्म विभाग–(सेवायें–4)}** को संबंधित अधिकारी हेतु 1 अतिरिक्त प्रति सहित।
2. **सचिव, संघ लोक सेवा आयोग (ध्यानार्थः श्री जी0 सी0 साहा, अवर सचिव, ए.आई.एस)**, धौलपुर हाऊस, नई दिल्ली।
3. महालेखापाल, **कर्नाटक सरकार, बैंगलुरु**।
4. पुलिस महानिदेशक, **कर्नाटक सरकार, बैंगलुरु**।
5. निदेशक, सरदार बल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, **हैदराबाद**।
6. आई.पी.एस. II, III, IV/ए.सी.आर. सेल/सिविल लिस्ट सीट।
7. अनुभाग अधिकारी (आई0.टी0) प्रकोष्ठ, उपयुर्क्त अधिसूचना गृह मंत्रालय की (वेबसाइट > आईपीएस कैडर मेनेजमेन्ट > नियुक्ति एसपीएस से आईपीएस > नियुक्ति) में प्रकाशित करने हेतु।

अजय

(अजय कुमार सिंह )
अवर सचिव, भारत सरकार